
# Public Facilities (जन सुविधाएँ)

पाठगत प्रश्न




अमू और कुमार चेन्नई में एक बस से सफ़र कर रहे हैं। शहर के अलग-अलग इलाकों से गुजरते हुए वे जल सुविधाओं को देखते जा रहे हैं....

**अन्नानगर**




## मडीपाक्कम




## सैदापेट




## मैलापुर



**प्रश्न 1.**
आपने ऊपर उल्लिखित चार स्थितियों को देखा है। अब बताइए कि चेन्नई में पानी की स्थिति कैसी [एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तक पेज-108]
**उत्तर**
**चेन्नई में पानी की स्थिति**

1. चेन्नई में पानी की स्थिति अच्छी नहीं है।
2. अन्नानगर में पानी नियमित रूप से आता है जबकि मैलापुर, मडीपाक्कम और सैदापेट क्षेत्रों में पानी की कमी है।

**प्रश्न 2.**
उपरोक्त वर्णन में से घरेलू इस्तेमाल के विभिन्न जल स्त्रोतों को चुनें। [एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तक पेज-108]
**उत्तर**
**विभिन्न जल स्त्रोत**

1. नगरपालिका का जल।
2. पानी के टैंकर।।
3. पानी की बोतलें।
4. बोरवेल का पानी।

**प्रश्न 3.**
आपकी राय में सुब्रमण्यन और पद्मा के अनुभवों में क्या समानता है और क्या अलग है। [एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तक पेज-108]
**उत्तर**
**समानताएँ**

1. सुब्रमण्यन और पद्मा दोनों ही पानी की कमी का सामना करते हैं।
2. सुब्रमण्यन और पद्मा दोनों की ही पानी की आवश्यकता की पूर्ति बोरवेल द्वारा की जाती है।

**भिन्नता-**

1. सुब्रमण्यन के अपार्टमेंट में नगरपालिका दो दिन में एक बार पानी उपलब्ध कराती है, जबकि पद्मा की बस्ती के नल में प्रतिदिन 20 मिनट के लिए पानी आता है।
2. सुब्रमण्यन के अपार्टमेंट में बोरवेल का पानी खारा होता है इसलिए वे इस पानी का प्रयोग केवल शौचालय और साफ-सफाई के लिए करते हैं, जबकि पद्मा के इलाके में पानी की कमी होने के कारण लोग बोरवेल के पानी से नहाने, धोने और पीने के लिए प्रयोग करते हैं।

**प्रश्न 4.**
अपने इलाके में जलपूर्ति की स्थिति का वर्णन करते हुए एक अनुच्छेद लिखें। [एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तक पेज-108]
**उत्तर**
विद्यार्थी स्वयं करें।

**प्रश्न 5.**
देश के ज्यादातर स्थानों पर गर्मियों में पानी बूंद-बूंद क्यों आने लगता है? पता लगाइए। [एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तक पेज-108]
**उत्तर**
**गर्मियों के पानी की कमी के कारण**

1. गर्मी होने के कारण अधिकांश नदियाँ सूख जाती है या उनका जलस्तर गिर जाता है।
2. गर्मियों में पानी का उपयोग अधिक हो जाता है इसलिए नगरपालिका के पानी की सप्लाई कम हो जाती है।
3. बोरवेल के पानी का उपयोग बढ़ जाता है जिससे भूमिगत पानी का स्तर गिर जाता है।

**प्रश्न 6.**
क्या चेन्नई में सभी के लिए पानी का संकट है? क्या आप बता सकते हैं कि अलग-अलग लोगों को अलग-अलग मात्रा में पानी क्यों मिलता है? दो कारण बताएँ। [एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तक पेज-108]
**उत्तर**
**अलग-अलग लोगों को अलग-अलग पानी मिलने का कारण**

1. लोगों की आर्थिक स्थिति अलग-अलग है। जो लोग आर्थिक रूप से सक्षम है वे बाजार से पानी खरीद सकते हैं, जबकि गरीब आदमी नगरपालिका की पानी की सप्लाई या बोरवेल के पानी पर निर्भर है।
2. राज्य सरकार ने पानी के सुचारु वितरण के उचित कदम नहीं उठाए हैं।

**प्रश्न 7.**
जनसुविधाएँ क्या होती हैं? जनसुविधाएँ मुहैया कराने की जिम्मेदारी सरकार पर क्यों होनी चाहिए? [एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तक पेज-112]
**उत्तर**
**जनसुविधाएँ-**
ये कुछ ऐसी मूलभूत सुविधाएँ हैं जो प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक है; जैसे-पानी, स्वास्थ्य, स्वच्छता, बिजली, परिवहन, विद्यालय और कॉलेज आदि। जनसुविधाएँ सरकारी जिम्मेदारी क्योंसंविधान में जीवन के अधिकार का जो आश्वासन दिया गया है वह देश के सभी नागरिकों को प्राप्त होता है। इसलिए जनसुविधाएँ उपलब्ध करना सरकार की जिम्मेदारी है।

**प्रश्न 8.**
सरकार कुछ जनसुविधाओं के लिए निजी कंपनियों का भी सहारा ले सकती है। उदाहरण के लिए सड़कें बनाने के लिए ठेके निजी कंपनियों या ठेकेदारों को भी दिए जाते हैं। दिल्ली में बिजली के वितरण का काम दो निजी कंपनियों के हाथ में है। लेकिन सरकार को इन कंपनियों पर कड़ी नजर रखनी चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे इन सुविधाओं को सस्ती कीमत पर सभी लोगों तक पहुँचाने के लक्ष्य को पूरा करने में कोई कसर न छोड़ें। [एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तक पेज-112]
**उत्तर**
**कारण**

1. निजी कंपनियाँ जनसुविधाओं की कीमतें इतनी ऊँची न कर दें कि वे आम आदमी की पहुँच से बाहर न हो जाए। .
2. आम लोगों को यदि सस्ती कीमतों पर जनसुविधाएँ उपलब्ध नहीं करवाई गई तो वे एक सम्मानजनक जीवन नहीं जी सकेंगे।

**प्रश्न 9.**
अपने घर के पानी के बिल को देखें और पता लगाएँ कि आपके इलाके में नगरपालिका जल की न्यूनतम कीमत क्या है? अगर आप

ज्यादा पानी का इस्तेमाल करते हैं तो क्या उसकी दर भी बढ़ जाती है? पानी के ज्यादा इस्तेमाल पर बढ़ी हुई दर से बिल वसूल करने के पीछे सरकार का क्या उद्देश्य है? [एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तक पेज-112]

**उत्तर**

1. विद्यार्थी अपने अभिभावकों से पानी का बिल माँगे व जल की न्यूनतम कीमत देखें।
2. सरकार का उद्देश्यः लोग पानी का उपयोग सोच-समझ कर करें। ताकि पानी को व्यर्थ में बर्बाद न करें।

**प्रश्न 10.**

किसी वेतनभोगी कर्मचारी, अपना व्यवसाय/फैक्टरी चलाने वाले व्यक्ति और एक दुकानदार से बात करके पता लगाएँ कि लोग किस-किस तरह के कर सरकार को चुकाते हैं। अपने नतीजों को कक्षा में शिक्षक को दिखाएँ और चर्चा करें। [एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तक पेज-112]

**उत्तर**

**विभिन्न प्रकार के कर|**

1. आयकर
2. संपत्ति कर
3. जल कर
4. विद्युत कर
5. बिक्री कर

**प्रश्न 11.**

अगर सरकार जलापूर्ति की जिम्मेदारी से हाथ खींच ले तो क्या होगा? क्या आपको लगता है कि यह सही कदम होगा? [एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तकं पेज-114]

**उत्तर**

**यदि सरकार जल की आपूर्ति न करें तो**

1. यदि जलापूर्ति का कार्य निजी कंपनियों के हाथ में दे दिया जाए तो पानी की कीमतों में तेजी से वृद्धि हो जाएगी।
2. पानी लोगों की मूलभूत आवश्यकता है और यदि उन्हें इससे वंचित किया गया तो देश में असंतोष फैल जाएगा। पोर्तो एलेग्रे में सार्वजनिक जलापूर्ति पोर्ता एलेग्रे ब्राजील का एक शहर है। इस शहर में बहुत सारे लोग गरीब हैं, लेकिन गौर करने वाली बात यह है कि दुनिया के दूसरे ज्यादातर शहरों के मुकाबले यहाँ शिशु मृत्यु दर बहुत कम है। यहाँ नगर जल विभाग ने सभी लोगों को स्वच्छ पेयजल मुहैया करा दिया है। शिशु मृत्यु दर में गिरावट के पीछे यह सबसे बड़ा कारण है। यहाँ पानी की औसत कीमत कम रखी गई है और गरीबों से केवल आधी कीमत ली जाती है। विभाग को जो भी फ़ायदा होता है उसका इस्तेमाल जलापूर्ति में सुधार के लिए किया जाता है। जल विभाग का काम पारदर्शी ढंग से चलता है। विभाग को कौन सी योजना हाथ में लेनी चाहिए, इस बारे में लोग मिलकर तय करते हैं। जनसभाओं में जनता प्रबंधकों का पक्ष सुनती है और जल विभाग की प्राथमिकताएँ तय करने में वोट के ज़रिए फैसला करती है।

**प्रश्न 12.**

ऊपर के भाग में आए मुख्य विचारों पर चर्चा करें। जलापूर्ति में सुधार के लिए आपकी राय में क्या किया जा सकता है? [एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तक पेज-115]

**उत्तर**

**जलापूर्ति में सुधार के लिए राय**

1. पाइप द्वारा पानी के रिसाव के कारण होने वाली क्षति को कम करना चाहिए।
2. लोगों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता पैदा करनी चाहिए।
3. संचार माध्यमों द्वारा जल संरक्षण के विभिन्न तरीकों का प्रचार किया जाना चाहिए।
4. लोगों में वर्षा जल संग्रहण के प्रति चेतना पैदा करनी चाहिए।

**प्रश्न 13.**
क्या आपको ऐसा लगता है पानी और बिजली जैसे संसाधनों को बचाना और सार्वजनिक परिवहन साधनों का ज्यादा इस्तेमाल करना बेहतर है? [एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तक पेज-115)
**उत्तर**
**हाँ क्योंकि**

1. इससे आवश्यकता के समय हमें इनके अभाव का सामना नहीं करना पड़ेगा।
2. सार्वजनिक परिवहन साधनों का ज्यादा प्रयोग करना महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि इससे ईंधन की बचत होगी।
3. सार्वजनिक परिवहन के अधिक प्रयोग से प्रदूषण कम होगा।

**प्रश्न 14.**
क्या आपको लगता है कि समुचित स्वच्छता सुविधाओं के अभाव से लोगों का जीवन प्रभावित होता है? कैसे? [एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तक पेज-116)
**उत्तर**
**लोगों के जीवन पर प्रभाव**

1. इससे कई जलजनित बीमारियाँ फैलती हैं। |
2. वातावरण में प्रदूषण फैलता है।
3. गंदगी फैलने से बीमारियाँ फैलती हैं।

**प्रश्न 15.**
आपको ऐसा क्यों लगता है कि इससे औरतों और लड़कियों पर ज्यादा गहरा असर पड़ेगा? [एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तक पेज-116]
**उत्तर**
**औरतों और लड़कियों के अधिक प्रभावित होने के कारण**

1. पुरुष घर से बाहर काम पर चले जाते हैं जबकि लड़कियाँ और औरतें घर पर ही रहती हैं।
2. औरतों व लड़कियों को ज्यादा समय अस्वच्छ वातावरण में बिताना पड़ता है जबकि पुरुषों को कम समय रहना पड़ता है।

**वार्तालाप अध्ययन प्रश्न**

**प्रश्न 1.**
आप किसकी राय से सहमत हैं? [एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तक पेज-111]
**उत्तर**
**अमू की राय से सहमत हूँ क्योंकि**

1. हमारे संविधान ने बहुत सारी जनसुविधाओं को जीवन के अधिकार का हिस्सा माना है।

2. सरकार को यह ध्यान रखना चाहिए कि इन अधिकारों की अवहेलना न हो ताकि प्रत्येक व्यक्ति एक सम्मानजनक जीवन जी सके।

## प्रश्न-अभ्यास

## ( पाठ्यपुस्तक से)

**प्रश्न 1.**
आपको ऐसा क्यों लगता है कि दुनिया में निजी जलापूर्ति के उदाहरण कम हैं?
**उत्तर**
**निजी जलपूर्ति के कम उदाहरण के कारण**

1. जलापूर्ति एक आवश्यक जनसुविधा है जो सभी लोगों को उपलब्ध होनी चाहिए।
2. निजी कंपनियाँ सिर्फ लाभ के लिए काम करती हैं इसलिए वे सभी लोगों के लिए जलापूर्ति नहीं कर पाती।
3. यदि निजी कंपनियाँ सभी लोगों को जलापूर्ति की सुविधा प्रदान करती तो कीमत बहुत ऊँची होती है।

**प्रश्न 2.**
क्या आपको लगता है कि चेन्नई में सबको पानी की सुविधा उपलब्ध है और वे पानी का खर्च उठा सकते हैं? चर्चा करें।
**उत्तर**
**नहीं, चेन्नई में सबको पानी की सुविधा उपलब्ध नहीं है ।**

1. अन्नानगर में बाकी इलाकों की अपेक्षा पानी की आपूर्ति ठीक है।
2. मैलापुर और मडीपाक्कम में पानी की आपूर्ति कम है, लेकिन यहाँ के निवासी बाजार से पानी खरीद सकते हैं।
3. सैदापेट में भी पानी की आपूर्ति कम है यहाँ के लोग गरीब हैं और वे बाजार से पानी नहीं खरीद सकते

**प्रश्न 3.**
किसानों द्वारा चेन्नई के जले व्यापारियों को पानी बेचने से स्थानीय लोगों पर क्या असर पड़ रहा है? क्या आपको लगता है कि स्थानीय लोग भूमिगत पानी के इस दोहन का विरोध कर सकते हैं? क्या सरकार इस बारे में कुछ कर सकती है?
**उत्तर**
**प्रभाव**

1. स्थानीय लोगों को पीने के लिए तथा सिंचाई के लिए कम जल प्राप्त हो रहा है।
2. स्थानीय लोगों को भूमिगत पानी के इस दोहन का विरोध करना चाहिए।
3. हाँ सरकार जल व्यापारियों और जल बिक्री कर रहे किसानों दोनों के खिलाफ कदम उठा सकती है।

**प्रश्न 4.**
ऐसा क्यों है कि ज्यादातर निजी अस्पताल और निजी स्कूल कस्बों या ग्रामीण इलाकों की बजाय बड़े शहरों में ही हैं?
**उत्तर**
**बड़े शहरों में होने के कारण**

1. शहरों में धनी लोग ऊँची फीस तथा अन्य खर्च वहन करने में समर्थ हैं।

2. कस्बों या ग्रामीण इलाकों में शिक्षा और स्वास्थ्य पर अधिक खर्च नहीं किया जाता है।
3. कस्बों या ग्रामीण क्षेत्रों में सुविधाओं व सुरक्षा की कमी है।
4. कस्बों या ग्रामीण क्षेत्रों में धनी लोग कम लाभ के डर से अस्पताल व स्कूल नहीं खोलते हैं।

**प्रश्न 5.**
क्या आपको लगता है कि हमारे देश में जनसुविधाओं कर वितरण पर्याप्त और निष्पक्ष है? अपनी बात के समर्थन में एक उदाहरण दें।
**उत्तर**
हमारे देश में जनसुविधाओं का वितरण न तो पर्याप्त है और न ही निष्पक्ष है।
**उदाहरण-**चेन्नई की झुग्गी बस्ती में न तो शौचालय और न ही हर झुग्गी में पानी की व्यवस्था है। 30 झुग्गियों के लिए एक नल लगा है जिसमें रोज 20 मिनट पानी आता है, जबकि चेन्नई के अन्नानगर में सरकारी अफसर रहते हैं तो वहाँ 24 घंटे पानी की आपूर्ति होती है।

**प्रश्न 6.**
अपने इलाके की पानी, बिजली आदि कुछ जनसुविधाओं को देखें। क्या उनमें सुधार की कोई गुंजाइश है? आपकी राय में क्या किया जाना चाहिए? इस तालिका को भरें।

| | क्या यह उपलब्ध है? | उसमें कैसे सुधार लाया जाए? |
|---|---|---|
| पानी | | |
| बिजली | | |
| सड़क | | |
| सार्वजनिक परिवहन | | |

**उत्तर**
छात्र, अपने इलाके की स्थिति को ध्यान में रखते हुए स्वयं उत्तर दें।

**प्रश्न 7.**
क्या आपके इलाके के सभी लोग उपरोक्त जनसुविधाओं का समान रूप से इस्तेमाल करते हैं? विस्तार से बताएँ।
**उत्तर**
छात्र अपने इलाके की स्थिति को ध्यान में रखते हुए स्वयं उत्तर दें।

**प्रश्न 8.**
जनगणना के साथ-साथ कुछ जनसुविधाओं के बारे में भी आँकड़े इकट्ठा किए जाते हैं। अपने शिक्षक के साथ चर्चा करें कि जनगणना का काम कब और किस तरह किया जाता है?
**उत्तर**
**जनगणना**

1. जनगणना का काम प्रत्येक 10 वर्ष बाद किया जाता है। वर्तमान जनगणना 2011 में की गयी है।
2. जनगणना हेतु सरकारी अधिकारियों, शिक्षकों को प्रत्येक घर से आँकड़े इकट्ठे करने हेतु नियुक्त किया जाता है।
3. जनगणना करने के लिए एक प्रश्नावली तैयार की जाती है जिसके आधार पर घर-घर जाकर प्रश्न पूछे जाते हैं।
4. जनगणना से देश की कुल जनसंख्या, स्त्री-पुरुषों की संख्या, लिंग अनुपात, देश में जनसुविधाओं की स्थिति, व्यावसायिक स्थिति, सामाजिक-आर्थिक स्थिति आदि की जानकारी मिलती है।

**प्रश्न 9.**
हमारे देश में निजी शैक्षणिक संस्थानल, कॉलेज, विश्वविद्यालय, तकनीकी और व्यावसायिक, प्रशिक्षण संस्थान-बड़े पैमाने पर खुलतें हो रहे हैं। दूसरी तरफ सरकारी शिक्षा संस्थानों का महत्त्व कम होता जा रहा है। आपकी राय में इसका क्या असर हो सकता है? चर्चा कीजिए।

**उत्तर**

**प्रभाव**

1. सरकारी संस्थानों को धीरे-धीरे महत्त्व कम हो रहा है और निजी संस्थानों की मनमानी बढ़ रही है।
2. गरीब लोग उच्च शिक्षा से वंचित रह जाएँगे।
3. इससे शिक्षा व्यवस्था और अधिक महँगी हो जाएगी।